TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

## शशिधर उज्जवल

F r i d a y

## 12 अप्रैल

1. **विश्व उड्डयन एवं अंतरिक्ष दिवस–** 12 अप्रैल, 1961 ई. को यूरी गागरिन, बोस्तोक–1 स्पेसक्राफ्ट द्वारा अंतरिक्ष में 1 घंटे, 48 मिनट की सफल उड़ान के साथ 'अंतरिक्ष में चहलकदमी' करने वाले प्रथम मानव बने। इस प्रथम मानवयुक्त उड़ान ने इतने समय में पृथ्वी की एक चक्कर लगायी। इसी की स्मृति में प्रतिवर्ष 12 अप्रैल को विश्व उड्डयन एवं अंतरिक्ष दिवस मनाया जाता है।

2. **इल्तुतमिश का निधन–** शम्सुद्दीन इल्तुतमिश दिल्ली सल्तनत में शम्सी वंश का एक प्रमुख शासक था। इल्तुतमिश प्रथम मुस्लिम शासक था, जिसने शासन व्यवस्था में सुधार करने का प्रयास किया। उसने चांदी का 'टका' तथा तांबे का 'जीतल' चलवाया। 'इक्ता व्यवस्था' का प्रचलन भी किया। अपनी राजधानी को लाहौर से दिल्ली स्थानांतरित किया। 1231–32 ई. में इल्तुतमिश ने दिल्ली में कुतुबमीनार का निर्माण पूरा करवाया। बामियान अभियान पर आक्रमण करने के लिए जाते समय मार्ग में इल्तुतमिश बीमार हो गया। इसके बाद इल्तुतमिश की बीमारी बढ़ती गयी। अन्ततः 1236 ई. में उसकी मृत्यु हो गई। इल्तुतमिश का मकबरा दिल्ली में कुतुब परिसर में ही है, जिसका निर्माण स्वयं इल्तुतमिश ने ही 1235 ई. में किया था। इसके आंतरिक भाग की सारी दीवारें कुरान की आयतों से भरी हुई हैं। इसकी खासियत यह है कि इस मकबरे की गुम्बद नहीं है तथा ऊपरी भाग खुला है। खास बात यह है कि भारत में प्रथम मकबरा बनाने का श्रेय भी इल्तुतमिश को ही जाता है।

- **संदर्भः अतीत से वर्तमान भाग 2, अध्याय 3** से जोड़कर बतायें।

### कलम या कि तलवार

दो में से क्या तुम्हे चाहिए कलम या कि तलवार
मन में ऊँचे भाव कि तन में शक्ति विजय अपार
अंध कक्ष में बैठ रचोगे ऊँचे मीठे गान
या तलवार पकड़ जीतोगे बाहर का मैदान
कलम देश की बड़ी शक्ति है भाव जगाने वाली,
दिल की नहीं दिमागों में भी आग लगाने वाली
पैदा करती कलम विचारों के जलते अंगारे,
और प्रज्वलित प्राण देश क्या कभी मरेगा मारे
एक भेद है और वहां निर्भय होते नर–नारी,
कलम उगलती आग, जहाँ अक्षर बनते चिंगारी
जहाँ मनुष्यों के भीतर हरदम जलते हैं शोले,
बादल में बिजली होती, होते दिमाग में गोले
जहाँ पालते लोग लहू में हालाहल की धार,
क्या चिंता यदि वहाँ हाथ में नहीं हुई तलवार

–रामधारी सिंह 'दिनकर'

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

12 अप्रैल

**मधु प्रिया**


## विश्व उड्डयन एवं अंतरिक्ष दिवस 12 अप्रैल



मानव अंतरिक्ष उड़ान का अंतर्राष्ट्रीय दिवस प्रत्येक वर्ष 12 अप्रैल को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 7 अप्रैल, 2011 को एक प्रस्ताव पारित करने के बाद 12 अप्रैल को मानव अंतरिक्ष उड़ान का अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाने की घोषणा की थी।12 अप्रैल 1961 को, पहली मानव अंतरिक्ष उड़ान एक सोवियत नागरिक, यूरी गगारिन द्वारा की गई थी, जो बाहरी अंतरिक्ष में जाने वाले पहले व्यक्ति बन गए थे।इस ऐतिहासिक घटना ने सभी मानव जाति के लाभ के लिए अंतरिक्ष अन्वेषण का रास्ता खोल दिया। इसके अलावा 12 अप्रैल 1981 को कोलंबिया के पहले स्पेस शटल एसटीएस -1 को भी लॉन्च किया गया था, और इस दिन यह भी याद किया जाता है।आज अंतर्राष्ट्रीय मानव अंतरिक्ष उड़ान दिवस है। यह दिवस प्रत्येक वर्ष अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मानव जाति के लिए अंतरिक्ष युग की शुरुआत के रूप में मनाया जाता है। इसके साथ ही यह दिवस अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के महत्वपूर्ण योगदान की पुष्टि भी करता है।

# जयंती विशेष 12 अप्रैल

राकेश कुमार




**सफ़दर हाशमी** *Safdar Hashmi*, जन्म: 12 अप्रॅल, 1954; मृत्यु: 2 जनवरी, 1989) एक मार्क्सवादी नाटककार, कलाकार, निर्देशक, गीतकार और कलाविद थे। सफ़दर हाशमी को नुक्कड़ नाटक के साथ जुड़ाव के लिए जाना जाता है। सफ़दर हाशमी 'जन नाट्य मंच' और दिल्ली में स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया (एस.एफ.आई.) के संस्थापक सदस्य थे। जन नाट्य मंच की नींव भारतीय जन नाट्य संघ (इप्टा) से अलग हटकर 1973 में रखी गई थी।

Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 12.04.2024

## रंगमंच

रंगमंच (थिएटर) वह स्थान है जहाँ नृत्य, नाटक, खेल आदि हों। रंगमंच शब्द रंग और मंच दो शब्दों के मिलने से बना है। रंग इसलिए प्रयुक्त हुआ है कि दृश्य को आकर्षक बनाने के लिए दीवारों, छतों और पर्दों पर विविध प्रकार की चित्रकारी की जाती है और अभिनेताओं की वेशभूषा तथा सज्जा में भी विविध रंगों का प्रयोग होता है और मंच इसलिए प्रयुक्त हुआ है कि दर्शकों की सुविधा के लिए रंगमंच का तल फर्श से कुछ ऊँचा रहता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



टाटा ने SpaceX की मदद से देश का पहला मिलिट्री सैटेलाइट लॉन्च किया है। यह सैटेलाइट पृथ्वी की निगरानी करने में मदद करेगा।

**TOB** राकेश कुमार



# खेल कॉर्नर





## IPL 2024

# ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड

| प्लेयर | टीम | मैच | रन | बेस्ट |
|---|---|---|---|---|
| विराट कोहली | RCB | 5 | 316 | 113* |
| साई सुदर्शन | GT | 5 | 191 | 45 |
| हेनरिक क्लासन | SRH | 5 | 186 | 80* |
| रियान पराग | RR | 4 | 185 | 84* |
| शुभमन गिल | GT | 5 | 183 | 89* |

# पर्पल कैप लीडरबोर्ड

| प्लेयर | टीम | मैच | विकेट | बेस्ट |
|---|---|---|---|---|
| मुस्तफिजुर रहमान | CSK | 4 | 9 | 4/29 |
| युजवेंद्र चहल | RR | 4 | 8 | 11/3 |
| अर्शदीप सिंह | PBKS | 5 | 8 | 29/4 |
| खलील अहमद | DC | 5 | 7 | 21/2 |
| कगिसो रबाडा | PBKS | 5 | 7 | 23/2 |

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



## क्रिकेट जगत में भारत का नाम रोशन करने वाले, पूर्व दिग्गज खिलाड़ी, बेहतरीन ऑलराउंडर

# वीनू मांकड़ जी

## की जयंती पर सादर नमन।

जन्म- 12 अप्रैल 1917-मृत्यु- 21 अगस्त 1978

मधु प्रिया

/teachersofbihar

भारतीय पुरातात्विद्,
उपन्यासकार और संग्रहालय
विशेषज्ञ

# श्री आर. डी. बनर्जी

जी की जयंती पर सादर नमन।



जन्म- 12 अप्रैल 1885 - मृत्यु- 23 मई 1930

www.teachersofbihar.org

मधु प्रिया



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

भारतीय राजनेत्री एवं भारत के
सोलहवीं लोकसभा की अध्यक्ष

**श्रीमती सुमित्रा महाजन जी**

के जन्मदिवस पर हार्दिक बधाई।

जन्म- 12 अप्रैल 1943

मधु प्रिया

www.teachersofbihar.org

12 अप्रैल 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

स्वार्थ में मनुष्य बावला हो जाता है।

**मुंशी प्रेमचन्द**



राकेश कुमार